# इंगलैण्ड का इतिहास, (Paper-II Hons.)

**Q.** डिजरैली के सामाजिक सुधारों की विवेचना कीजिए। Describe the Social Reforms of Disaraeli.

**Ans** → डिजरैली की घरेलू नीति :→ डिजरैली की घरेलू नीति की निम्नलिखित विशेषताएँ थी :–

**(1) पार्लियामेन्ट का द्वितीय सुधार ऐक्ट → (Second Parliamentary Reform Act)** पार्लियामेंट का द्वितीय सुधार ऐक्ट इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है। डिजरैली ने इस बिल को पास कराकर मजदूरों को भी मताधिकार दे दिया। जिससे मजदूर वर्ग में संतोष की लहर दौड़ गई।

**(2) Licensing Act of 1874 →** इसके मन्त्रित्वकाल में इंगलैण्ड की न्याय व्यवस्था डमाडोल थी। इस क्षेत्र में स्थिरता लाने के विचार से डिजरैली ने सन् 1873 ई० में लाइसेंसिंग ऐक्ट पास करवा कर न्याय व्यवस्था में एक बहुत बड़ा सुधार ला दिया। इंगलैण्ड के सभी शराब खाने इंगलैण्ड में गजब ढाह रहे थे। इस बुराई को भी उसने दूर कर शराब खानों को नियन्त्रित किया। एक विद्वान का कथन है कि "The Licensing Act fixed the closing time for London at 11-30 P.M., Populous places at 11 P.M and country places at 10 P.M."

**(3) Artisan Dwelling Act of 1875 →** इस ऐक्ट को पास करने का प्रमुख उद्देश्य था शहरों में मकानों की कमी को दूर करना। इस ऐक्ट के अनुसार मजदूरों, गृह-विहीन किसानों और निर्धनों के लिए सरकार ने हवादार गृहों के निर्माण करने की बात सोची और निश्चय किया। स्थानीय संस्थाओं को इस ढंग के मकान बनवाने की आज्ञा दे दी गई।

**(4) Public Health Act of 1875 →** डिजरैली ने अपने गृह मन्त्री क्रास (cross) की मदद से इस ऐक्ट को पास करवा कर सारे देश के लोगों के स्वास्थ्य



Scanned with CamScanner

और सफाई के लिये उचित प्रबन्ध कर दिया ।

(5) The Employer and Workmen Act of 1876 → इस ऐक्ट के द्वारा सभी मजदूरों को शान्तिमय ढंग से प्रदर्शन (Peaceful Piketing) करने की छूट दे दी गई । इसने मजदूरों की सभी कठिनाईयों को दूर कर दिया ।

(6) Lease and sales of Settled Estates Act of 1875 :→ इस ऐक्ट के द्वारा अचल सम्पत्तियों की खरीद - बिक्री, ठीका लगाना, अदला - बदली और रजिस्ट्रेशन सरल बना दिया गया ।

(7) Establishment of Sinking Fund of 1875 → इस ऐक्ट के द्वारा डिजरैली ने राष्ट्रीय - कर्ज वसूलने की सुविधा के लिये राष्ट्रीय सिंकिंग फण्ड को स्थापित किया ।

(8) Agricultural Holding Act of 1878 → यह ऐक्ट किसानों के हक में बहुत अच्छा था । इस ऐक्ट के द्वारा देहाती मकानों की सभी समस्याएं हल हो गई । इसने किसानों के धन को भी सुरक्षित कर दिया ।

(9) Merchant Shipping Act of 1876 → इस ऐक्ट के पहले व्यापारी लोग अपने जहाजों पर आवश्यकता से अधिक माल लादा करते थे क्योंकि अधिक माल लादने से उनको अधिक लाभ हुआ करता था । लेकिन इससे बहुत अधिक दुर्घटनाएं भी होती रहती थी जिससे लाखों की सम्पत्ति समुद्र में डूब जाया करती थी । इससे काफी राष्ट्रीय क्षति हो रही थी । इस ऐक्ट के द्वारा Board of Trade को यह अधिकार दिया गया कि

Scanned with CamScanner

(इक्वा)

MARCH 2021

| M | T | W | T | F | S | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | 31 | | | | |

# इंगलैण्ड का इतिहास

WK 09 (055-310)

2021 • FEBRUARY • WEDNESDAY 24

जहाजों पर अधिक माल लादने वालों को सजा दी जाय।

(10) Epidemic Preventing Act → डिजरैली के समय में इंगलैण्ड में विदेशों से बहुत से पशु लाये गये थे। उनमें से बहुत से पशु रोग से ग्रस्त थे। इससे देशी पशुओं में रोग फैलता जा रहा था। डिजरैली ने इस रोग को रोकने के लिये इस ऐक्ट को पास किया। इस ऐक्ट के द्वारा यह घोषित किया गया कि विदेशों से लाये हुए सभी रोग-ग्रस्त पशुओं को मार डाला जाय।

(11) The Enclosure of common Act 1876 → इस ऐक्ट के द्वारा डिजरैली ने यह घोषणा की कि सार्वजनिक जमीन को खुला छोड़ दिया जाय जिससे लोगों को शुद्ध वायु मिलती रहे और लोगों की स्वास्थ्य रक्षा होती रहे।

(12) Trade Union Act of 1876 → इस ऐक्ट के द्वारा मजदूरों को शान्तिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन करने, हड़ताल करने, यूनियन के सदस्य बनने और अपनी दशा को सुधारने का अधिकार दिया गया।

(13) Workshop Act of 1878 → इस ऐक्ट ने 16 कारखानों के कानून को एकत्रित कर दिया। बहुत से कानूनों को दोहराया गया। फैक्ट्रियों की जाँच के लिए Factory-Inspectors की बहाली की गई। 10 वर्ष से कम उम्र वाले बच्चों को फैक्ट्री में काम करने की मनाही कर दी गई। कपड़ा बुनने के कारखानों में महिलाएं हफ्ता में केवल 56 घण्टे ही काम कर सकती थी। 10 वर्ष से ऊपर आयु वाले बच्चों के काम के घंटे निश्चित कर दिये गये।

(14) Education, Health and Religious Worshipping Act:—

डिजरैली ने शिक्षा में सुधार लाने के लिए कई ऐक्ट पास किया। खास कर कैम्ब्रिज और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की शिक्षा में उन्नति लाने के लिए बहुत से सुधार ऐक्ट पास किये गये जिससे इन विश्वविद्यालयों की पढ़ाई उच्च कोटि की हो गई। स्वास्थ्य और सफाई के भी बहुत से नये-नये कानून बनाये गये। धार्मिक पूजा के क्षेत्र में भी बहुत से सुधार लाये गये। राष्ट्रीय चर्च में पूजा के समय दूषित धार्मिक संस्कार करने पर नियन्त्रण लगा दिया गया।

आलोचना → अतः डिजरैली के समय में इंग्लैण्ड में बहुत से सामाजिक सुधार किये गये। उसके सभी सुधार समाजवादी सिद्धांत पर आधारित थे। इसलिये मजदूरों का प्रधान और प्रिय नेता मैकडोनल्ड ने एक बार कहा था कि - "The conservative party has done more for the working in five years than the Liberal have in fifty." यहाँ तक कि डिजरैली ने स्वयं अपनी नीति और उद्देश्य के बारे में कहा था कि उसकी नीति का एकमात्र उद्देश्य है जनता की उन्नति करना, जबकि वह conservative Party का प्रसिद्ध नेता था। यह उसकी सबसे बड़ी विशेषता थी। अतः डिजरैली को घरेलू नीति में बहुत अधिक सफलता मिली।

Dr. Digambar Jha, (Guest Prof.)
Deptt of History, G.B.A.P. College.

Scanned with CamScanner